**Date: 05-01-2021**

**To**
**The Manager**
**Department of Corporate Services**
**BSE LTD.,**
**PHIROZE JEEJEEBHOY TOWERS,**
**DALAL STREET,**
**MUMBAI- 400001**

**Sub: Submission of copy of Newspaper Advertisement regarding Notice of Extra-ordinary General Meeting (EGM)**
**Ref.: Raghav Productivity Enhancers Limited, Scrip Code: 539837**

**Dear Sir / Ma'am,**

In compliance of Regulation 47(3) of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclosed herewith copy of the Notice published in newspapers [Business Remedies (English) and Nafa Nuksan (Hindi)] for information regarding Notice of Extra-ordinary General meeting (EGM) and remote e-voting information.


Kindly take above on record and oblige.

**Thanking You**

**Yours Faithfully**
**For Raghav Productivity Enhancers Limited**

**Neha Rathi**
**(Company Secretary)**
**M.No.: A38807**

# रानपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में नहीं बन पाया सब मंडी यार्ड



**कोटा/नि.सं.।** रीको व कृषि विभाग के आपसी समन्वय के अभाव में रानपुर इंडस्ट्रीयल एरिया के एग्रो फूड पार्क में एक दशक से लंबे समय तक अभी तक सब मंडी यार्ड का मसला अधरझूल में चल रहा है। एग्रो फूड पार्क में सब मंडी यार्ड शुरू नहीं होने से उद्यमियों को 12 से 14 किलोमीटर दूर स्थित भामाशाह मंडी से जिंसों को खरीद कर लाना पड़ रहा है, जिससे उद्यमियों को 21 रुपए प्रति क्विंटल ट्रांसपोर्टेशन व 2.25 फीसदी आढ़त अतिरिक्त चुकानी पड़ रही है। लोडिंग व अन लोडिंग का करीब 15 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उद्यमियों से मिली जानकारी के अनुसार रानपुर एग्रो फूड पार्क में सब मंडी यार्ड का मसला पिछले 13 वर्षों में अभी तक नहीं सुलझ पाया है। रीको और कृषि उपज मंडी समिति मामले की जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल रहे हैं। दोनों महकमों में आपसी सहमति नहीं हो पाने से सब मंडी यार्ड नहीं बन पा रहा है, जिसका खामियाजा उद्यमियों को आर्थिक नुकसान के रूप में उठाना पड़ रहा है।

**इसलिए नहीं बन पा रहा सब मंडी यार्ड :** कृषि विभाग के अनुसार 20 किमी. की परिधि में दो सब मंडी यार्ड नहीं बन सकते है। इस प्रकार एग्रो फूड पार्क से 18 से 20 किमी. दूर स्थित मंडाना में सब मंडी यार्ड बना हुआ है, जहां पर जिंसों की नीलामी होती है, जबकि जब रीको द्वारा 2008 में जब एग्रो फूड पार्क में मंडी यार्ड का प्रावधान रखा गया था उस समय कृषि विभाग का यह प्रावधान नहीं था। कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2012 में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 20 किमी. की परिधि में दो मंडी सब यार्ड का बहाना बनाकर कृषि विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे है। इसका खामियाजा उद्यमियों को चुकाना पड़ रहा है। कृषि विभाग के अधिकारी मंडाना मंडी सब यार्ड का बहाना बनाकर एग्रो फूड पार्क में मंडी यार्ड शुरू नहीं कर पा रहे है।

**उद्योगों की कैसे होगी ग्रोथ :** एग्रो फूड पार्क के उद्यमियों ने बताया कि यदि मंडी यार्ड यहां हो तो उत्पादन लागत कम हो जाएगी। जब तक मंडी यार्ड नहीं बनेगा यहां के उद्योगों की ग्रोथ कैसे होगी, क्योंकि वहां सभी उद्योग एग्रो आधारित है। उद्योग पहले से कोरोना से त्रस्त है और दूसरी ओर मंडी यार्ड के शुरू नहीं होने पर उद्यमियों को दोगुना भार उठाना पड़ रहा है। रीको की जिम्मेदारी है यहां मंडी यार्ड खुलवाया जाए, क्योंकि जब एग्रो फूड पार्क घोषित हुआ था तब उसमें मंडी यार्ड का प्रावधान था।

**इनके अनुसार :** रीको ने सब मंडी यार्ड के लिए जो जमीन रिजर्व रखी है वह कम है। मिनी सब मंडी बनाने के लिए 25 से 30 बीघा जमीन की आवश्यकता है। रीको द्वारा रिजर्व किए गए लैंड पर सब मंडी यार्ड शुरू नहीं हो सकता है'। – ***एम.एल.जाटव,*** *सचिव, कृषि उपज मंडी समिति*

एग्रो फूड पार्क में मंडी यार्ड के बनने से उद्यमियों को रॉ-मटेरियल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। सब मंडी यार्ड शुरू नहीं होने पर उत्पादन क्षमता पर विपरीत प्रभाव पडने् के साथ-साथ मशक्कत बहुत करनी पड़ती है'। – ***बजरंग साबू,*** *प्रबंध निदेशक, शिव एडिबल्स लिमिटेड*

उद्यमी वर्ष 2008 से मंडी यार्ड की मांग कर रहे हैं। रीको जमीन देने को तैयार है, लेकिन मंडी समिति तैयार नहीं है। उद्यमियों को अपनी ग्रेडिंग एवं प्रोसेसिंग यूनिट चलाने के लिए 25 से 30 हजार रुपए प्रति गाड़ी ज्यादा खर्च उठाना पड़ रहा है। हालांकि केंद्र सरकार के नये कृषि कानून से उद्यमियों को थोड़ा लाभ मिलेगा'। – ***शिव कुमार जैन,*** *अध्यक्ष, एग्रो फूड पार्क एसोसिएशन*

मंडी समिति को चाहिए कि वह मंडी यार्ड का प्रपोजल फिर से बनाकर रीको को भेजे। मंडी यार्ड शुरू नहीं होने से एग्रो बेस्ड उद्योगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है'। – ***डी.सी.जैन,*** *चीफ एक्जीक्यूटिव, शाह एग्रोग्रीन प्रा.लि.*

रीको ने वर्ष 2008 में रानपुर एग्रो फूड पार्क में 7500 वर्गमीटर जमीन सब मंडी यार्ड के लिए आरक्षित कर रखी है। रीको को जमीन देने में कोई आपत्ति नहीं है। सब मंडी यार्ड मंडी समिति को शुरू करना है'। – ***पी.के.शर्मा,*** *क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको*

## For Your Information...

Signs of recovery? GST Collections (In Rs.)




Dec 2020: 1,15,174 Cr
Nov 20: 1,04,963 Cr
Oct 20: 1,05,155 Cr
Sept 20: 95,480 Cr
Aug 20: 86,449 Cr
July 20: 87,422 Cr
June 20: 90,917 Cr
May 20: 62,009 Cr
April 20: 32,294 Cr
March 20: 97,597 Cr
Feb 2020: 105,366 Cr

Source: Ministry of Finance

Compiled by Nafanuksan Research

# बीकानेर में स्कोप है बायो-ईंधन उत्पादन का

**बीकानेर/नि.सं.।** राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति के तहत देशभर में अब रेस्टोरेंट, होटल, नमकीन एवं भुजिया उद्योग के साथ साथ ऐसे प्रतिष्ठान जहाँ प्रतिदिन 50 लीटर से ज्यादा खाद्य तेलों का उपयोग होता हो, ऐसे प्रतिष्ठान द्वारा इन तेलों को अधिकतम तीन बार ही उपयोग लाये जाने के पश्चात बचे हुए तेल का उपयोग बायोडीजल बनाने के लिए किया जाएगा। इस बायोफ्यूल नीति के तहत फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड ऑथोरिटी ने नोटिफिकेशन देकर सूचना जारी की हैं, जिसमें रीयूज कुकिंग ऑयल पालिसी (आरयूसीओ) के तहत इन तेलों को सिर्फ बायोडीजल उत्पादक को ही बेचा जाएगा।

चूंकि बीकानेर शहर के भुजिया का स्वाद विश्व विख्यात हैं, यहाँ नमकीन की छोटी-मोटी कई इकाइयां कार्यरत हैं, फिर भी अधिकांश व्यापारी इस आदेश से अनभिज्ञ हैं। संभवत: किसी बायोडीजल उत्पादक ने जमीनी स्तर पर ध्यान नहीं दिया हो। बीकानेर भुजिया-पापड़ मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश अग्रवाल ने व्यापारियों से अपील की है कि सरकार द्वारा नियुक्त बायोडीजल बनाने अथवा अधिकृत तेल संग्राहक को ही तेल दिया जाए। अधिकृत फर्म व्यापारियों को ईंधन में उपयोग में लाने वाले डीजल भी उचित दर पर मुहैया करवाएगी। जिससे पर्यावरण, कार्बन उत्सर्जन के साथ साथ मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की रोकथाम हो सकेगी। अग्रवाल ने बताया कि बीकानेर के व्यवसायी भी इस बात के लिए प्रतिबद्धता रखते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति में बायोडीजल ही उपयोग कर देश के विकास एवं ईंधन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंग। सरकार ने यह निर्णय ईंधन पर आत्मनिर्भरता के साथ साथ कार्बन उत्सर्जन एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखकर लिया हैं। जारी सूचना में बताया गया कि तीन बार उपयोग के पश्चात भी यदि इसी तेल को उपयोग में लाया जाता हैं तो हृदय सम्बंधित, लिवर एवं आंत सम्बंधित कई बीमारियों का खतरा रहता हैं, साथ ही यदि इन तेलों को साबुन बनाने में प्रयुक्त किया जाता हैं तो स्कीन केंसर भी हो सकता हैं।

## हल्की वर्षा से किसानों के चेहरे खिले

**भरतपुर/नि.सं.।** भरतपुर संभाग में हल्की वर्षा से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। माना जा रहा है कि इस वर्षा से गेहूं, चना, मटर व खास तौर से सरसों की फसलों का काफी लाभ पहुंचा है। माना यह भी जा रहा है कि इस वर्षा से सरसों का तेल का प्रतिशत भी बढ़ जाएगा। संभागभर में रविवार को सुबह से शाम तक रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई। किसानों के अनुसार इस समय सभी फसलों में पानी देने का समय रहता है। बर्षात का यह पानी फसलों के लिए अमृत समान माना जा रहा है। इस वर्षा से किसानों के मंहगे डीजल व बिजली की बचत होगी।

**साप्ताहिक पशु हाट आज से पुनः संचालित :** श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला मैदान पर प्रत्येक सोमवार को लाई जाने वाली साप्ताहिक पशु हाट जो कि करोना काल के कारण स्थगित चल रही थी का पुन: संचालन आज सोमवार से किया गया। भरतपुर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नागेश कुमार ने बताया कि इस पशु हाट में पशुओं का क्रय-विक्रय करने वाले पशुपालक एवं व्यापारी को कोविड-19 महामारी की चिकित्सकीय गाइडलाइन एवं जिला प्रशासन द्वारा महामारी के नियंत्रण के लिए समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के साथ नो मास्क नो एंट्री एवं सोशल डिस्टेंसिंग की पालना भी करनी होगी।

# एमईआईएस के स्थान पर नई योजना लागू

**जोधपुर/नि.सं.।** हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ . भरत दिनेश ने बताया कि अब तक निर्यातकों को एमईआईएस योजना के तहत सरकार की ओर से 2 से 7 प्रतिशत तक प्रोत्साहन रूपी ड्रॉ - बैक मिल रहा था । यह योजना जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट निर्यातकों को कठिन समय में भी वैश्विक बाजार में टिके रहने में मजबूती देती थी । एमईआईएस इंसेंटिव स्कीम से कोरोनाकाल में भी जोधपुर के निर्यात को बढावा मिला है । अमेरिका की डब्ल्यूटीओ में आपत्ति के बाद इस योजना को बंद कर इसके स्थान पर नई आरओडीटीईपी योजना लागू की जा रही है । नई योजना की अधिसूची अभी आना बाकी है । उसके बाद ही पता चल पाएगा की यह योजना निर्यातकों के लिए कितनी असरदार है ।

**निजीकरण के खिलाफ धरना :** जोधपुर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से डिस्कॉम के स्थायी प्रकृति के कार्यों को ठेके पर देकर निजीकरण करने के विरोध में शुक्रवार को न्यू पॉवर हाउस स्थित डिस्कॉम एमडी कार्यालय के बाहर सांकेतिक धरना दिया गया । समिति संयोजक जगदीश दाधीच ने बताया कि 11 जनवरी से पहले डिस्कॉम एमडी द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है तो 12 जनवरी को डिस्कॉम के सभी सब डिवीजन पर तालाबंदी करके कर्मचारी धरना - प्रदर्शन करेंगे । समिति सह संयोजक यशपाल चौधरी ने बताया कि गुरुवार को समिति के सदस्यों ने पुराना बिजलीघर मोहनपुरा में धरने को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों को निमंत्रण दिया । मंत्रालय संघ के लिखमाराम ने बताया कि ठेका प्रथा से डिस्कॉम में छीजत बढ़ने के साथ लगातार घाटा हुआ है । वहीं बड़े उद्योग घरानों को एक रुपए के स्टाम्प पर समझौता कर कौड़ियों के भाव डिस्कॉम की जमीन दी जा रही है ।

सम्पूर्ण व्यापारिक दैनिक
नफा नुकसान
राजस्थान के निम्न केन्द्रों पर उपलब्ध है

| | | |
|---|---|---|
| जयपुर | : | 9460323908 |
| कांकरोली | : | 9414933390 |
| सीकर | : | 9166042391 |
| कोटा | : | 9414178840 |
| अलवर | : | 9414261485 |
| उदयपुर | : | 9829731366 |
| बीकानेर | : | 9829218705 |
| भीलवाड़ा | : | 9414111700 |
| चिड़ावा | : | 9783923599 |
| नसीराबाद | : | 7568692157 |
| नवलगढ़ | : | 9983315255 |
| पिलानी | : | 7737218404 |
| अजमेर | : | 9929733155 |
| किशनगढ़ | : | 8209445053 |
| देवली | : | 9460591722 |
| चित्तौड़गढ़ | : | 9414735097 |
| ब्यावर | : | 9414009949 |
| जोधपुर | : | 8107589141 |
| झुंझुनूं | : | 9887098514 |
| बिजयनगर | : | 9461780797 |
| जैतारण | : | 9829390619 |
| टोंक | : | 9414201309 |
| पाली | : | 7742427942 |
| सुमेरपुर | : | 9928608845 |
| भरतपुर | : | 9667365632 |
| केकड़ी | : | 9214000265 |
| लोसल | : | 8876715835 |
| जहाजपुर | : | 9636994402 |
| हनुमानगढ़ टाउन | : | 9269094124 |
| श्रीगंगानगर | : | 9414094108 |
| कोटपूतली | : | 9352885258 |


## विचार सागर

*''आशीर्वाद और शुभकामनाओं का कोई रंग नहीं होता, लेकिन जब ये रंग लाते हैं तो जीवन में रंग भर जाते हैं।''*

- पी.सी. वर्मा

*''यह सही है कि सब कुछ प्राप्त नहीं कर जा सकता, वहीं यह भी सही है कि सब कुछ प्राप्त करने की चाहत के कारण ही अब तक इतनी प्रगति हुई है।''*

- के.आर. कमलेश

## Thoughts of the time

The hours we pass with happy prospects in view are more pleasing than those crowded with fruition.

- Oliver Goldsmith

## राजस्थानी कहावत

खरची व्है तौ खाय मिलौ
खर्ची हो तो
खाते-पीते मिलो

- खर्च करने की क्षमता हो तो खाते-पीते मिलने रहना चाहिये।
- आय की सार्थकता खर्च करने ओर परिचय बढ़ाने में।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| बीएसई सेन्सेक्स | 48176 | 307 |
| एनएसई निफ्टी | 14132 | 114 |
| इंडिया विक्स | 20.03 | 0.47 |
| एमसीएक्स कॉमडेक्स | 10740 | 218 |
| एनसीडीईएक्स एग्रीडेक्स | 1201 | 26 |
| डॉलर (रुपये में) | 73.02 | -0.16 |
| यूरो (रुपये में) | 89.77 | 0.55 |
| कच्चा तेल (डालर/बैरल) | 48.97 | 0.45 |
| लंदन ब्रेंट क्रूड (डालर/बैरल) | 52.63 | 0.77 |
| एल्यूमिनियम (डॉलर/टन) | 1978 | - |
| तांबा (डॉलर/टन) | 7741 | - |
| निकल (डॉलर/टन) | 16540 | - |
| टिन (डॉलर/टन) | 20540 | - |
| जिंक (डॉलर/टन) | 2723 | - |
| सोना (डॉलर /औंस) | 1933 | 35 |
| सोना (MCX, रु. प्रति 10 ग्राम) | 51158 | 914 |
| चांदी (MCX, रु. प्रति किलो) | 70143 | 2020 |

यह भाव शाम 6.00 बजे तक के हैं।

## मंगलवार के चौघड़िए

सम्वत् 2077 पौष बुदी सप्तमी
राहुकाल : अपराह्न 3:00 से 4:30 बजे तक
सूर्योदय: 7.21 बजे और सूर्यास्त : 5.43 बजे

| | |
|---|---|
| प्रातः 7.21 से 8.38 | रोग |
| 8.38 से 9.56 | उद्वेग |
| 9.56 से 11.14 | चर |
| 11.14 से 12.32 | लाभ |
| 12.32 से 1.50 | अमृत |
| 1.50 से 3.08 | काल |
| 3.08 से 4.26 | शुभ |
| 4.26 से सूर्यास्त 5.43 | रोग |
| रात्रि 5.43 से 7.25 | काल |
| 7.25 से 9.08 | लाभ |
| 9.08 से 10.50 | उद्वेग |

## नेशनल/इंटरनेशनल

### आर्ट फेयर...



कोरोना के कारण 2002 से लगातार हर वर्ष होने वाला बैंगलूरू आर्ट फेयर इस बार ऑनलाइन होगा। इस फेयर में मुख्यतः सड़कों पर बिकने वाली पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया जाता है। फोटो : IANS

# बिजली उत्पादक कंपनियों का वितरण इकाइयों पर बकाया नवंबर में 35 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** बिजली उत्पादक कंपनियों का वितरण कंपनियों पर बकाया नवंबर 2020 में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,41,621 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो कर्ज में वृद्धि क्षेत्र में दबाव को बताता है। प्राप्ति (भुगतान पुष्टि और उत्पादकों के चालान-प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु बिजली खरीद विश्लेषण) पोर्टल के अनुसार उत्पादक कंपनियों का वितरण कंपनियों पर बकाया नवंबर 2019 में 1,04,426 करोड़ रुपये था। बिजली मंत्रालय ने 2018 में उत्पादकों और वितरण कंपनियों के बीच बिजली खरीद में पारदर्शिता लाने के लिये पोर्टल की शुरूआत की थी। नवंबर 2020 में कुल पिछला बकाया 1,29,868 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी माह में 93,215 करोड़ रुपये था। पिछला बकाया से आशय, उस राशि से है जो 45 दिन की मोहलत के बाद भी नहीं दी गयी।

पोर्टल पर उपलब्ध ताजा आंकड़े के अनुसार नवंबर में कुल बकाया मासिक आधार पर भी बढ़ा। अक्टूबर 2020 में कुल बकाया 1,39,057 करोड़ रुपये था। इसी माह में पिछला बकाया 1,26,444 करोड़ रुपये था। बिजली उत्पादक कंपनियां विद्युत आपूर्ति के लिये बिलों के भुगतान को लेकर 45 दिन का समय देती हैं। उसके बाद, बकाया राशि पूर्व बकाया बन जाती है जिस पर उत्पादक कंपनिया दंडस्वरूप ब्याज लगाती हैं। बिजली उत्पादक कंपनियों को राहत देने के लिये केंद्र ने एक अगस्त, 2019 से भुगतान सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत वितरण कंपनियों को बिजली आपूर्ति के लिये साख पत्र प्राप्त करने की जरूरत होती है। सरकार ने मई में वितरण कंपनियों के लिये 90,000 करोड़ रुपये की नकदी उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके तहत कंपनियों को सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और आरईसी लि. से कर्ज उपलब्ध कराया जा रहा है।

# फाइलों को आगे बढ़ाने में देरी का पता लगाने के लिये सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करेगा एनएचएआई



**नयी दिल्ली/एजेंसी।** देश में राजमार्गों का विस्तार करने वाली संस्था भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) लालफीताशाही पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये सॉफ्टवेयर का सहारा लेगी। साफ्टवेयर के जरिये फाइलों के प्रसंस्करण में देरी किस बिंदु पर हो रही है उसका पता लगाया जा सकेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस बारे में जानकारी देते हुये कहा कि यह पहल एनएचएआई में दक्षता व पारदर्शिता को बढ़ावा देने के विभिन्न उपायों का हिस्सा होगी। एनएचएआई ने पिछले साल जून में कहा था कि वह निर्माण क्षेत्र का पहला संगठन है जोकि क्लाउड आधारित डेटा-लेक-सॉफ्टवेयर के साथ पूरी तरह से डिजिटल बन गया है। गडकरी ने कहा, ''लाल फीताशाही को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देरी से निर्णय लेने का परिणाम नुकसान हैं। लाल फीताशाही को मिटाने के लिये हम एक सॉफ्टवेयर लाएंगे, जो विशेष रूप से पता लगाएगा कि किसी फाइल को निपटाने में किस विशेष अधिकारी ने कितना समय लिया है।''

**सार्वजनिक सूचना कार्यालय नगर निगम, हैरिटेज, जयपुर**

क्र.- एफ-6( ) उपा.राज. द्वितीय (सा.प्र.)/न.नि.ज./2020/87 दिनांक- 04.01.2021

मूल भखण्ड सं. 7 पार्क हाऊस, जयपुर से लगती भू-पट्टी क्षेत्रफल 352.7 वर्गगज का इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट, जयपुर द्वारा श्री चतुर सिंह एवं श्री कल्याण सिंह के नाम से आवंटन किया गया था। तत्पश्चात नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा नौटेरी प्रमाणित डीड ऑफ पार्टिशन, रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम व अन्य दस्तावेजों के आधार पर भू.सं. 7 के पास की अतिरिक्त भू-पट्टी पार्क हाऊस, जयपुर क्षेत्रफल 90.27 वर्गगज का पट्टा श्री चतुर सिंह मुख्त्यारनामा श्री देवी नारायण वैद एडवोकेट के नाम से जारी किया गया। आवेदक फर्म केप्टन ऐस्टेट डवलपमेन्ट द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर भू.सं.7 पार्क हाऊस जयपुर से लगती शेष भू-पट्टी क्षेत्रफल 262.4 वर्गगज का नगर निगम जयपुर द्वारा केप्टन एस्टेट डवलपमेन्ट लिमिटेड जरिये निदेशक श्री सुभाष चन्द्र मौंगा पुत्र श्री त्रिलोक चन्द मौंगा के पक्ष में पट्टा जारी किया जाना है। इस पट्टा जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, राजस्व--द्वितीय) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी

**(मे.सलीम खॉन), उपायुक्त (राजस्व- द्वितीय), नगर निगम हैरिटेज, जयपुर**

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड शाहपुरा, जयपुर**

क्रमांक :- 3409 दिनांक :- 29.12.2020

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग एवं राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूरसंचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| S.No. | Nit No. | Name of Work | Estt. Cost (Rs. In lacs) | Earnest Money (Rs. In lacs) | Tender Fee (Rs.) | Last Dt. Online Submission of Bids | Technical Bid Opening date | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162/20-21 | Work of repairning of Handpump plateform under JEN Section Amarsar, Shahpura, Dist- Jaipur | 24.76 | (@1% 24762/- (@0.50 % 12381/- | 2000 | 07.01.2021 upto 03.00 P.M. | 07.01.2021 from 05.00 P.M. | 365 Days |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
मो. . 9460100152/ 9414281568
1. www.eproc.rajasthan.gov.in
2. http://sppp.raj.nic.in
NIB ID : PHE2021A4304
UBN : (PHE2021WSRC08243
DIPR/C/10096/20

**अधिशाषी अभियन्ता**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड शाहपुरा, जयपुर

RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)
पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस 36, ए-10, सेंट्रल स्पाइन, अलंकार प्लाजा, विधाधर नगर, जयपुर - 302023
CIN : L27109RJ2009PLC030511
Tel & Fax : 0141-2235760/761, E-mail : rammingmass@gmail.com, Website : www.rammingmass.com

**सूचना**

**नोटिस दिया जा रहा है कि**

1. कंपनी के सदस्यों की असाधारण जनरल मीटिंग (ईजीएम) सोमवार, 1 फरवरी, 2021 को अपराह्न 3 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या किसी अन्य ऑडियो विजुअल तरीके (ओएवीएम) के जरिए होगी, जिसमें ईजीएम के नोटिस में दिए गए कारोबारी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।
2. कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण बनी परिस्थिति के मद्देनजर सदस्यों की ईजीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो विजुअल तरीके (ओएवीएम) के जरिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसार होगी, जिनका उल्लेख मंत्रालय के 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, और 5 मई, 2020 को जारी सर्कुलर में तथा 12 मई, 2020 को जारी सेबी के सर्कुलर में किया गया है।
3. ईजीएम का नोटिस उन सभी सदस्यों को, जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास 25 दिसंबर, 2020 या उससे पहले रजिस्टर्ड हैं, सिर्फ इलेक्ट्रानिक तरीके से भेजा जायेगा है व यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.rammingmass.com के साथ ही बांबे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगा।
4. कंपनी एक्ट, 2013 की धारा 108, सहपठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (संशोधित) के नियम 20 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्कोर्स रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस 2015 (संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी अपने शेयरधारकों को ईजीएम में बिजनेस से संबंधित रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इलेक्ट्रानिक तरीके से ई-वोटिंग के लिए कंपनी ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) से समझौते किया है, जो कि अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी है। सदस्यों द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के जरिए वोट डालने की फेसिलिटी के साथ ही ईजीएम के दिन ई-वोटिंग सिस्टम सीडीएसएल द्वारा मुहैया कराये जाऐंगे।
5. कट-ऑफ दिनांक 25/01/2021 को या उससे पहले कंपनी के शेयर जिन सदस्यों के पास हैं, वे इलेक्ट्रानिक तरीके से वोट दे सकेंगे। सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

(अ) इलेक्ट्रानिक तरीके से वोटिंग शुक्रवार, 29/01/2021 के सुबह 10:00 बजे शुरू होगी और रविवार, 31/01/2021 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगी।
(ब) 31/01/2021 की शाम 5:00 बजे के बाद इलेक्ट्रानिक तरीके से वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
(स) कोई भी व्यक्ति, जिसने कंपनी के शेयर ईओजीएम का नोटिस भेजे जाने के बाद अधिग्रहित किए हैं और कट-ऑफ तारीख 25 जनवरी, 2021 को उसके पास शेयर हैं तो वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर निवेदन भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड हासिल कर सकता है। हालांकि यदि कोई व्यक्ति पहले ही ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के यहां पंजीकृत है तो वह वोट देने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकता है।
(द) जिन सदस्यों के पास कंपनी के शेयर फिजिकल रूप में हैं, और जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के पास अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवाए हैं वे निम्नलिखित प्रमाण देते हुए ईजीएम का नोटिस और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर ई-वोटिंग कर सकते हैं:
i- फिजिकल शेयरधारक के लिए : कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन्ड कॉपी (आगे-पीछे), पैन नंबर (स्वहस्ताक्षरित), आधार (स्वहस्ताक्षरित) जैसी आवश्यक जानकारियां कंपनी को ई-मेल cs@rammingmass.com या रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ujata@bigshareonline.com पर भेजें।
ii- डिमेट शेयरधारक के लिए : कृपया डीमेट एकाउंट की जानकारी (सीडीएसएल-16 डिजिट बेनीफीशियरी आईडी या एनएसडीएल-16 डिजिट डीपीआईडी प्लस सीएलआईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर या कंसोलिडेटेड एकाउंट स्टेटमेंट की प्रति, पैन नंबर (स्वहस्ताक्षरित), आधार (स्वहस्ताक्षरित) जैसी डीमेट अकाउंट से संबंधित आवश्यक जानकारी कंपनी को ई-मेल cs@rammingmass.com या रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट ujata@bigshareonline.com पर भेजें।
(ई) हालांकि यदि कोई व्यक्ति पहले ही ई-वोटिंग के लिए सीडीएसएल के यहां पंजीकृत है तो वह वोट देने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर सकता है।
(फ) जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के जरिए ईजीएम से पहले अपने वोट दे देंगे वे भी वीसी/ओवीएम के जरिए ईजीएम में शामिल हो सकेंगे परंतु वे फिर से वोट नहीं कर सकेंगे।
(ग) जो सदस्य वीसी/औएवीएम फेसिलिटी के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित रहेंगे, और जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के जरिए प्रस्तावों पर वोट नहीं दिया है एवं जो वोट देने के लिए प्रतिबंधित नहीं है, वे ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग के जरिए वोट दे सकेंगे।
(ह) किसी भी प्रश्न या शिकायत के लिए सदस्य आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) और शेयर होल्डर्स के लिए तैयार ई-वोटिंग मैन्युअल की मदद ले सकते हैं, जो सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ई-वाटिंग प्रक्रिया से संबंधित किसी भी मुद्दे के लिए सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com से संपर्क कर सकते हैं।
(य) रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संचालित करने के लिए कंपनी ने प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी श्री संदीप जैन को स्क्रूटनाइजर नियुक्त किया है।
(ज) यदि सदस्य दोनों तरीकों से वोटिंग करेगा तो ई-वोटिंग मान्य होगी और उसके बाद ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग अवैध मानी जाएगी।
(क) कंपनी की ओर से ई-वोटिंग के परिणाम उसकी वेबसाइट www.rammingmass.com के साथ ही स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी जारी किए जाएंगे।

**राघव प्रोडक्टिविटी एनहैंसर्स लिमिटेड के लिए**
**बोर्ड के आदेश से**

**दिनांक : 4 जनवरी 2021**
**स्थान : जयपुर**

**नेहा राठी**
**(कंपनी सचिव)**

CMYK

BUSINESS
न्यूज ब्रीफ

### एम स्क्वायर क्लिक एंड ब्लिंक फोटो स्टूडियो का उद्घाटन



**बिजनेस रेमेडीज/उदयपुर।** एम स्क्वायर के बढ़ते कदमों की श्रेणी में अब फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से जुड़े हुए कार्य भी शामिल के हो गए हैं। इसके तहत एम स्क्वायर क्लिक एंड ब्लिंक फोटो स्टूडियो का उद्घाटन रविवार को 100 फीट रोड स्थित ऑफिस पर रीको के सीनियर रीजनल मैनेजर अजय पंड्या और इसा व ओबीयू मेंटर मीनाक्षी भैरवानी ने किया। अतिथियों ने नए स्टूडियो की शुरुआत को लेकर शुभकामनाएं दी और कहा कि यह खुशी की बात है कि एक अनुभवी टीम के साथ यह स्टूडियो शुरू किया गया है। इससे उदयपुरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। स्टूडियो के संचालक शैलेश के मसीह ने बताया कि स्टूडियो पर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी से जुड़े सभी कार्य किये जाएंगे। साथ ही हमारी ओर से उदयपुर की जनता को वाजिब दाम में उत्कृष्ट कार्य करके दिए जाएंगे। टीम द्वारा शादी, प्री वेडिंग, मॉडलिंग, पार्टीज, विज्ञापन आदि की शूटिंग को लेकर काम किये जाएंगे। इस अवसर पर एम स्क्वायर के मुकेश माधवानी, अंशुल जैन, राज माली, बिपिन थॉमस, ऋषभ डांगी, राम कुमार, प्रेमलता, लवकुश सिंह आदि उपस्थित थे।

### अति. जिला कलेक्टर गौरी ने साझा किये बच्चों के साथ कोरोना काल के अनुभव

**बिजनेस रेमेडीज/बीकानेर।** जस्सूसर गेट स्थित बाल गोविन्दम स्कूल द्वारा बीकानेर जिला उद्योग संघ के तत्वावधान में कोरोना वोरियर्स के सम्मान के क्रम में अति. जिला कलेक्टर ए.एच. गौरी का कोरोना वॉरियर्स के रूप में सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने अति. जिला कलेक्टर ए.एच. गौरी से लॉकडाऊन के समय आई दिक्कतों एवं प्रशासन द्वारा इन दिक्क तों के निवारण हेतु उठाए गए कदमों के बारे में जानने की मंशा जाहिर की। इस पर अति. जिला कलेक्टर ए.एच.गौरी ने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कोरोना काल में शहर के हर नागरिक ने अपने सामर्थ्य अनुसार प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए हर उस जरूरतमंद व्यक्ति तक जरूरत का सामान पहुंचाया ताकि वे अपनी दिनचर्या आराम से चला सके। साथ ही बीकानेर की जनता का भी अभी तक सरकारी एडवाइजरी की पालना करते हुए मास्क पहनना, सोसियल डिस्टेंसिंग की पालना करना जैसे प्रभावी कदम उठाए जाने से आज बीकानेर में कोरोना महामारी काफी नियंत्रण में आ चुकी है, लेकिन फिर भी जब तक यह महामारी पूर्णतया नष्ट नहीं हो जाती है तब तक हम सभी को कोरोना से बचाव के लिए मास्क, सोसियल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी जागरूक करते रहना है। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी राहुल अग्रवाल, विष्णु, गर्व, हिमांशी, बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, बाल गोविन्दम स्कूल के राज चांडक, मनोज बिहाणी, ममता चांडक, योगिता बिहाणी उपस्थित हुए।

### समाजशास्त्र के विद्यार्थियों ने प्राचार्य को दिया ज्ञापन

**बिजनेस रेमेडीज/भीलवाड़ा।** माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय भीलवाड़ा के एम.ए. फाइनल ईयर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों के रिजल्ट में बडी गड़बड़ी देखने को सुधारने और पुनः रिजल्ट जारी करने के संबंध में एनएसयूआई जिला महासचिव राजकुमार खटीक के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया। कक्षा के विद्यार्थी दीपक खटीक ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा जारी 30 दिसम्बर को रिजल्ट में मा.ला.व. राजकीय महाविद्यालय के एम.ए. फाइनल ईयर समाजशास्त्र के एक ही पेपर में लगभग सभी विद्यार्थियों का रिजल्ट अनुतीर्ण रहा जबकि सभी विद्यार्थियों का पेपर अच्छा हुआ था। विद्यार्थियों का कहना है कि ऐसे ही लगभग सभी विषयों में भी रिजल्ट में गड़बड़ी देखने को मिल रही है। अगर यूनिवर्सिटी रिजल्ट को पुनः जांच कर रिजल्ट जारी नही करेगी तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन देते समय लोकेश पहाड़िया, रतन लाल गाडरी, उषा कुमारी, मनीषा, सरताज अली, आफरीन आदि विद्यार्थी उपस्थित थे।

### महात्मा गांधी चिकित्सालय में हीटर मशीन भेंट

**बिजनेस रेमेडीज/भीलवाड़ा।** महावीर इन्टरनेशनल मीरा व तेरापंथ महिला मण्डल के संयुक्त सौजन्य से एक हॉल हीटर (तापमान मशीन) 9000 की लागत का महात्मा गांधी चिकित्सासलय में दिया गया। अध्यक्ष अर्चना सोनी के अनुसार सोहन देवी रांका की तृतीय पुण्यतिथि पर तेरापंथ महिला मण्डल अध्यक्ष विमला रांका व विनोद रांका के सहयोग से पी.एम.ओ. डॉ. अरूण गौड़, माण्डल विधायक प्रत्याशी विवेक धाकड़ व पूर्व सभापति मंजू पोखरना के मुख्य आतिथ्य में चिकित्सालय परिसर में कोविड मरीजों के लिये सर्दी की अधिकता को देखते हुए हीटर दिया गया। इससे मरीजों को सर्दी से थोड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर अरूण गौड़ ने सेवा के इस पुण्य कार्य के लिये सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। तेरापंथ महिला मण्डल सचिव रेणु चैरडिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में निशा सोनी, पुष्पा पामेचा, रेणु चैरड़िया आदि उपस्थित थे।

## अंतर की पीड़ा

मुझे दिखादो मेरे हिन्दुस्तान की वो गलियां जहां मुस्कराती इठलाती रही बचपन की वो कोमल कलियां , दूध, दही और मक्खन से होता था भोर में कलेवा मां-बांप की खुशियों से जुड़वा था दो दिलों का हथलेवा आज जहरिला खाना और शर्माने वाला पहनावा बन रहा है वासना के भूखे भेड़ियों को भड़कावा कहीं सुरक्षा नहीं, चारों ओर खतरा ही खतरा चोर लुटेरे कातिल छोड़ते नहीं, इंसान की नसों में खून का कतरा, वो बुजुर्गों का साया, बरगद पीपल की छाया, बच्चों के साथ घर में मचलते घर में छोटे-छोटे चौपाया अब तो आंखे तलाशती है उस अतीत को वहां आपस में बैठे गुनगुनाते रस भरे गीत को, कच्चे घरोंदे थे-पक्के रिश्ते थे कुनबे के सारे लोग एक-दूसरे के दिल में बसते थे एक के पैर में कांटा लगता तो दर्द सभी को होता दिन भर की मेहनत बाद हर शख्स बुजुर्गों की ढाल में सोता डर और खौफ के पास आता हुआ डरता था एक दूसरा एक-दूसरे के लिए खुशी-खुशी मरता था(कुर्बान) हाथ जमाना क्यों ओट ले रहा है पंचम आरे की ये कसक किसी एक की नहीं है पूरे हिंद के दुखियारे की मुझे चाहिए मेरा वो वाला हिन्दुस्तान जहां हर रोज आते थे मेहमान, सबका होता था सम्मान गली-गली में झलकता था शुद्ध खानपान, सुथरा हुआ खानदान।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

# पोस्ट कोविड स्वास्थ्य समस्याओं का विशेष अध्ययन होगा : मुख्यमंत्री गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार कोरोना महामारी के रोगियों के ठीक होने के बाद भी स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण करवाएगी। उन्होंने प्रदेशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों से कहा कि कोरोना वायरस के मानव शरीर पर होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए प्रभावी प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए विशेष टीमें बनाकर अनुसंधान किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को 'पोस्ट-कोविड' स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों के समूह के साथ प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से ठीक हुए रोगियों में फेफड़ों और दिमाग में सं मण, याददाश्त खोने, हृदय रोग तथा डायबिटीज बढ़ने जैसे कई तरह के शारीरिक एवं मानसिक प्रभाव सामने आ रहे हैं। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे रोगियों को भविष्य में स्वास्थ्य परेशानियों का सामना नहीं



करना पड़े, इसके लिए पोस्ट कोविड उपचार पर विशेष जोर दिया जाए और इसके लिए कारगर गाइडलाइन तैयार की जाए।

**आमजन के बीच पोस्ट कोविड समस्याओं का व्यापक प्रचार करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कोविड के दुष्प्रभावों से लोगों को बचाने के लिए पोस्ट कोविड क्लिनिक की व्यवस्था की है, लेकिन जागरूकता के अभाव में लोग इनका पूरा लाभ नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कोरोना रोगियों तक यह जानकारी पहुंचाई जाए कि वे ठीक होने के बाद भी कोई लक्षण दिखने पर समुचित इलाज के लिए डॉक्टर से संपर्क करें। कोविड के विभिन्न दुष्प्रभावों और उनके इलाज के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि समय रहते जरूरी उपचार लिया जा सके।

**प्रदेश में वैक्सीनेशन के ड्राई रन की सफलता सुखद :** मुख्यमंत्री ने कोविड के टीकाकरण के लिए प्रदेश में किए गए 'ड्राई रन' की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि कोविड रोगियों की संख्या कम होने के साथ ही वैक्सीनेशन की दिशा में हमारे तेजी से बढ़ते कदम सुखद संकेत हैं।

**स्वास्थ्य मित्रों से सहयोग लेंगे डॉक्टर :** गहलोत ने कहा कि विभिन्न बीमारियों से पीड़ित रोगियों को सरकारी अस्पतालों में इलाज मिलने में सहायता के लिए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य मित्रों का चयन किया है। ये लोग समाज सेवा के रूप में जरूरतमंद मरीजों की मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला अस्पतालों से लेकर स्वास्थ्य उपकेन्द्रों तक डॉक्टरों तथा स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य मित्रों से सहयोग करने के लिए निर्देशित किया जाए। चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में कोरोना पॉजिटिव रोगियों की संख्या कम होने के कारण ईएसआई अस्पताल को नॉन-कोविड करने तथा 100 से अधिक बेड वाले अस्पतालों में कोविड के लिए आरक्षित बेड की संख्या 40 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत एवं 100 से कम बेड वाले अस्पतालों में 30 से घटाकर 20 प्रतिशत करने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

## एफसिया द्वारा द रियल सुपर वुमन अवार्ड 2020 से हुआ सशक्त महिलाओं का सम्मान

**बिजनेस रेमेडीज/ जयपुर।** एफसिया- फॉरएवर स्टार इंडिया अवार्ड्स द्वारा इंडिया में पहली बार अवार्डीज, पेजेंट पार्टिसिपेंट्स, सेलिब्रिटीज और पेजेंट होल्डर्स के लिए एक अलग से कम्युनिटी डेवलप की गई है जिसमे सेकंड शो द रियल सुपर वुमन अवार्ड 2020 का आयोजन किया गया। इसमें 70 से ज्यादा केटेगरी में हर एक सिटी से एक अवार्डी रजिस्टर्ड है।

रजिस्टर्ड सदस्यों को उनकी वर्क प्रोफाइल चेक करके उनको टाइटल व सर्टिफिकेट दिए गए। यह विश्व व भारत का पहला अनूठा व डिफरेंट मंच है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें जो सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं वह अप्रिशिएट सर्टिफिकेट नहीं है बल्कि टाइटल सर्टिफिकेट है। साथ ही इसमें लाइफटाइम मेंबरशिप और और आईटी की भी अन्य सुविधा भी शामिल हैं। फाउंडर एस्ट्रो राज अग्रवाल ने बताया कि द रियल सुपर वुमन अवार्ड 2020 राष्ट्र को सशक्त बनाने वाली सशक्त महिलाओं के लिए भारत का सबसे बड़ा मंच है।



इंडिया का बिगेस्ट प्लेटफार्म एफसिया है जहां पर रियल सुपर वुमन को अवार्ड से सम्मानित किया जाता हैं। इस अवार्ड में सभी प्रकार की कैटेगरीज शामिल हैं। द रियल सुपर वुमन 2020 पुरस्कार से सम्मानित व विजेता महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी मेहनत लगन व जज्बे से अब तक काफी कुछ अचीव किया है और अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रत्येक शहर से प्रत्येक श्रेणी में एक विजेता चुना गया है।

अवार्डीज की लिस्ट में घुमा-अहमदाबाद से सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति पवार, वस्त्रपुर-अहमदाबाद से सामाजिक कार्यकर्ता अशिता मेहता, अहमदाबाद-गुजरात से परामर्शदाता स्मिता घोष, कानपुर नगर-उत्तर प्रदेश से शैक्षणिक कौशल केटेगरी में प्रियंका पैट्रिक, गुरुग्राम-हरियाणा से खेल केटेगरी में रेनु कादियन सहरावत, दिल्ली से डेंटिस्ट डॉ.गीतिका शर्मा, सूरत-गुजरात से स्वास्थ्य सलाहकार डॉ निधि नासित, मैंगलोर-कर्नाटक से सामाजिक कार्यकर्ता आशा नागरज, अकोला-महाराष्ट्र से सहायक प्रोफेसर निशा वार, ठाणे-महाराष्ट्र से गृहिणी उमा सिंह, पुणे-महाराष्ट्र से बहु प्रतिभा शालिनी साहारे, सूरत-गुजरात से मॉडल लीना दुधगारा और लखनऊ-उत्तर प्रदेश से महिला उद्यमी सांग्य श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

## पोस्ट कोविड उपचार अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता पर : चिकित्सा मंत्री

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि कोरोना संक्रमण में कमी लाने के बाद अब सरकार और विभाग का ध्यान पोस्ट कोविड इफेक्ट को कम कर प्रभावितों को राहत देने पर है। उन्होंने कहा कि पोस्ट कोविड व्यक्ति यों का उपचार करना अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डॉ. शर्मा ने पोस्ट कोविड इफेक्ट से प्रभावित व्यक्तियों से चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित 'पोस्ट कोविड केयर क्लिनिक्स' और 'डे केयर' सेंटर्स के जरिए परामर्श और उपचार करवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कोविड सं मण से ठीक हुए व्यक्ति लगातार चिकित्सकों से संपर्क में रहकर राहत पा सकते हैं। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि पोस्ट कोविड इफेक्ट्स के रूप में शारीरिक कमजोरी, फेफड़ों की कमजोरी, हाथ-पावों में दर्द जैसे कई लक्षण प्रतीत हो रहे हैं। पोस्ट कोविड इफेक्ट्स को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के राजकीय चिकित्सा संस्थानों में पोस्ट कोविड सेंटर्स स्थापित किए गए हैं। कोविड़ संक्रमित से ठीक हुए व्यक्ति यहां



विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में परामर्श और उपचार का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन सेंटर्स में मनोचिकत्सकों और विशेषज्ञों द्वारा भी परामर्श दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पोस्ट कोविड उपचार में भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत मिल सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने चिकित्सकों के एक्सपर्ट ग्रुप को भी पोस्ट कोविड इफेक्ट्स संबंधी शोध करने के निर्देश दिए है, ताकि पोस्ट कोविड उपचार के लिए प्रभावी योजना बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से कोविड सं मितों की रिकवरी 96 फीसद रही। इसके साथ ही मृत्युदर भी 0.86 प्रतिशत के करीब ही रही है।

## आशा सहयोगिनियों के लिए प्रोत्साहन राशि बढ़ाए केंद्र सरकार : सीएम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केन्द्र सरकार से आशा सहयोगिनियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आशाओं द्वारा समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में निभाई जा रही अहम भूमिका को ध्यान में रखते हुए इनकी प्रोत्साहन राशि में वृद्धि नितान्त आवश्यक है, ताकि इनका मनोबल ऊंचा रहे और वे अधिक दक्षता एवं गुणवत्ता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का निष्पादन करें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत चयनित आशा कार्यकर्ताओं द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से शहरों और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों सहित जमीनी स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ करवाने का काम किया जाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में कुल 55,816 स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में 52,248 आशा सहयोगिनियां कार्यरत हैं।

### सुंदरकांड पाठ सम्पन्न, विश्व निरोग की कामना

**उदयपुर।** जय हनुमान राम चरित मानस प्रचार समिति एवं बीइंग मानव के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी नए वर्ष पर सो फीट, शोभागपुरा रोड स्थित अशोका पैलेस ग्रीन पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। इस दौरान भक्त जन भगवान श्रीराम के भजनों और सुंदरकांड पाठ पर खूब झूमें।

पंडित सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर शहर के भक्त जन एवं प्रभुजन उपस्थित रहे। सभी ने राम भजनों और सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि हर बार सुंदरकांड पाठ के आयोजन के पीछे सर्वजन हिताय की भावना रहती है। इस बार भी विश्व निरोग की कामना के साथ सुंदरकांड पाठ हुआ। इस बार कोरोना वायरस महामारी ने विश्वभर के लोगों के जीवन को संकट में डाला है। इस बार यह पाठ कोरोना माहमारी से जन जन को मुक्त करने के लिए किया जा गया था।

## मेधावी छात्राओं को टेबलेट बांटे



**बिजनेस रेमेडीज/भीलवाड़ा।** राजस्व मंडल के सदस्य रवि डांगी ने कहा कि समाज के सक्षम लोग प्रतिभावान आर्थिक दृष्टि से कमजोर छात्रों की मदद के लिये आगे आयें। राजस्व मण्डल के सदस्य रवि डांगी, कल्याणम संस्थान द्वारा, अमन वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से चयनित अल्पसंख्यक वर्ग की 10 मुस्लिम मेधावी छात्राओं को निशुल्क टेबलेट वितरण कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

पुलिस उपअधीक्षक शहर भंवर रणधीर सिंह ने कहा कि कल्याणम संस्थान ने एक अच्छी पहल की हैं। तकनीक का उपयोग छात्रायें पढ़ाई के लिये कर और उन्नति करे। सीरत सराय चेरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष शब्बीर मोहम्म्द शेख ने इस अवसर पर कहा कि ट्रस्ट मेधावी, निर्धन छात्राओं को शीघ्र ही निशुल्क 100 टेबलेट उपलब्ध करवायेगा। कल्याणम संस्थान के सचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा यह प्रयास समाज में जागरूकता पैदा करने का है जिससे और लोग कमजोर छात्रों की मदद करें जिससे उनकी ऑनलाईन पढ़ाई बाधित ना हो। कार्यक्रम में अमन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद हमीद रंगरेज, कल्याणम प्रबन्ध समिति सदस्य भंवरलाल टांक, मुदिता राठौड़, प्रिया तिवारी, सीरत केश एवं क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम, आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क विकास एवं अन्य निर्माण कार्यों में डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि अब 5 वर्ष

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले 10 लाख रुपये से अधिक के सड़क विकास एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दोष निवारण अवधि (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) तीन वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

प्रस्ताव के अनुसार सड़क नवीनीकरण एवं विशेष मरम्मत कार्य, नवीन सड़क, भवन, पुल, सीडी कार्य, सड़क, चौड़ाईकरण, सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए दोष निवारण अवधि 5 वर्ष की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों की क्वालिटी में सुधार होगा तथा घटिया निर्माण पर संवेदकों की जिम्मेदारी तय होगी।

RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

Reg. Office: Office No.36,
A-10 Central Spine, Alankar Plaza,
Vidhyadhar Nagar, Jaipur-302023
CIN: L27109RJ2009PlC030511

Tel & Fax: 0141-2235760/761, E-mail: rammingmass@gmail.com, Website: www.rammingmass.com

**NOTICE**

**NOTICE IS HEREBY GIVEN THAT:-**

1. The Extra-Ordinary General Meeting ('EGM') of the Company will be held on Monday, 01, February 2021 at 3:00 P.M. through Video Conference(VC) other Audio Visual Means (OVAM) to transact business as detailed in the Notice convening the EGM.
2. In view of the situation arising due to Covid-19 global panademic EGMof the members of the Company will be held through video conference (VC) other Audio Visual Means (OVAM) as per the guidelines issued under Ministry of Corporate Affairs (MCA) vide circular dated 8th April, 2020, 13th April,2020 and 5th May,2020 and SEBI circular dated 12th May,2020
3. The Notice of the EGM will be sent only in electronic mode to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/ Depository Participant(s) on or before 25/12/2020 and the same shall also be available on the website of the Company www.rammingmass.com as well as on the Bombay Stock Exchange at www.bseindia.com
4. Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (as amended) and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations &; Disclosure Requirements) Regulations2015 (as amended), the Company is providing facility of remote e-voting to its Shareholders in respect of the business to be transacted at the EGM. For this purpose, the Company has entered into an agreement with Central Depository Services (India) Limited (CDSL) for facilitating voting through electronic means, as the authorized e-Voting's agency. The facility of casting votes by a member using remote e-voting as well as the e-voting System on the date of the EGM will be provided by CDSL.
5. Members holding shares as on 25/01/2021 i.e. cut-off date may cast their vote electronically.

Members informed that:-
(a) Voting through electronic mode shall commence on Friday, 29/01/2021 at 10:00 A.M. and will end on Sunday, 31/01/2021 at 5:00 P.M.
(b) Voting through electronic mode shall not be allowed beyond 5:00 P.M. on 31/01/2021.
(c) Any person who acquires shares of the Company and become member of the Company after the dispatch of Notice of EGM and holding shares as on the cut-off date i.e. 25/01/2021- may obtain user id and password by following the procedures as mentioned in the Notice of EGMor by sending a request mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com or cs@rammingmass.com. However if a person is already registered with CDSL for e-voting then existing user id and password can be used for casting vote.
(d) Members holding shares in physical form who have not registered their email id with the Company/Depositories may obtain Notice of EGM and user id and password for e-voting by providing necessary details:
(i) For Physical shareholders- please provide necessary details like folio no.,name of shareholder, scanned copy of share certificate(front and back),PAN(self attested), Aadhar (self attested) by e-mail to the Company at cs@rammingmass@gmail.com or to Registrar and Transfer Agent ujata@bigshareonline.com
(ii) For Demat shareholder:- please provide Demat Account Details (CDSL-16 digit beneficiary ID or NSDL-16 digit DPID+ CLID), Name, client master or copy of consolidated Account statement, PAN (self attested copy of PAN) Aadhar (self attested) by e-mail to the Compant at cs@rammingmass@gmail.com or to Registrar and Transfer Agent ujata@bigshareonline.com
(e) However if a person is already registered with M/s Central Depository Services Limited (CDSL) for e-voting then existing user id and password can be used for casting vote.
(f) The members who have cast their votes through remote e-voting prior to the EGM may also attend /participate in the EGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again.
(g) Those members, who shall be present in the EGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the Resolutions through remote e-voting and otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote through remote e-voting during the EGM.
(h) In case of any queries members may refer the instructions on e-voting contained in the Notice or refer the frequently Asked Questions (FAQ) and user manual on the e-voting website of CDSL to get further clarifications relating to e-voting process, the members may contact at helpdesk.evoting@cdslindia.com
(i) The Company has appointed Mr. Sandeep Jain, Practicing Company Secretary to act as scrutinizer to scrutinize the voting and remote e-voting process in a fair and transparent manner.
(j) If a member cast votes by both modes, then voting done through e-voting shall prevail and e-voting during EGM shall be treated as invalid.
(k) The results of e-voting will be announced by the Company on its website www.rammingmass.com and also to the Stock exchange at www.bseindia.com.

By order of the Board
For Raghav Productivity Enhancers Limited
Sd/-
Neha Rathi

Place: Jaipur

## चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर ने जीता द्वितीय शहीद मेजर आलोक माथुर स्मृति क्रिकेट कप

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** शहीद मेजर आलोक माथुर स्मृति क्रिकेट कप द्वितीय लीग में खेला गया आर एस एम और चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर के बीच फाइनल मुकाबला। एक रोमांचक फाइनल मुकाबले में चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर ने आर एस एम को 4 विकेट से हराया।

आर एस एम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट गवा कर 134 रन बनाए जो चित्रगुप्त ज्ञान मंदिर ने चंचिल की ताबडतोड बल्लेबाजी की बदौलत 7 बॉल शेष रहते लक्ष्य को प्राप्त किया। चंचिल की ताबडतोड 102



रन की पारी ने उन्हे मैन ऑफ द का अवार्ड दिलाया जो उन्होने 18 चौके और 1 छक्के की मदद से बनाए और अविनाश ने अपने 3 ओवरों में 15 रन दे कर 2 विकेट लिए। आर एस एम की ओर से देवेश ने सर्वाधिक 40 गेंदों पर 39 रन बनाए और दिवांश ने 3 ओवरों में 19 रन दे कर 1 विकेट लियइं टूर्नामेंट के बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट रहे आर के एम पी के प्रभाकर उन्होने सबसे अधिक 10 विकेट लिए। टूर्नामेंट के मैन ऑफ द टूर्नामेंट चंचिल रहे उन्होने टूर्नामेंट में सबसे अधिक 207 रन बनाए। यह जानकारी राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद, राष्ट्रीय महामंत्री, दिनेश माथुर ने दी।

उन्होंने आगे बताया कि शहीद मेजर आलोक माथुर स्मृति क्रिकेट कप द्वितीय लीग मे आज के मुख्य अतिथि कर्नल अलोक माथुर; पूर्व रणजी ट्राफ़ी खिलाड़ी, दीपक माथुर; शहीद मेजर आलोक माथुर की पत्नी प्रगति माथुर; अवध बिहारी माथुर और रिटायर्ड एयर फॉर्स कर्मी, सप माथुर व इसके अतिरिक्त समाज के वशिष्ठ संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।